महत्वपूर्ण/सीसीटीएनएस

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

8वॉं तल, टावर–4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002, उत्तर प्रदेश

पत्रांकःटीएस–सीसीटीएनएस–13/2010 **दिनांकः मई 28, 2019**

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक
समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।

विषयः– परिक्षेत्रीय जनपद में स्थापित DTC (जनपदीय ट्रेनिंग सेन्टर) को RTC (परिक्षेत्र ट्रेनिंग सेन्टर) में उच्चीकृत किया जाना।

प्रदेश के समस्त जनपदों में जनपदीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र 20 सीटर 15 सीटर 9 सीटर व 8 सीटर स्थापित है, जिन पर जनपद स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाता है दिनांक 15–02–2019 की स्टेट इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है, कि "प्रत्येक जनपद में स्थापित DTC के स्थान पर परिक्षेत्र स्तर पर कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कराया जाए।"

उक्त के कम में आपके परिक्षेत्र वाले जनपद में स्थापित DTC को परिक्षेत्र स्तर पर बनाया जाना है, जिस हेतु निम्न सूचनाओं सहित अपेक्षित कार्यवाही करते हुए इस मुख्यालय को अनुपालन से अवगत करायें।

- परिक्षेत्रीय जनपद में स्थापित DTC (जनपदीय ट्रेनिंग सेन्टर) को RTC (परिक्षेत्र ट्रेनिंग सेन्टर) में उच्चीकृत किया जाना सुनिशिचित करें।
- परिक्षेत्रीय जनपद पर स्थापित DTC में उपलब्ध कम्प्यूटरों की स्थिति कियाशील/ अकियाशील/ बदलने लायक कम्प्यूटरों की अलग–अलग संख्या।
- स्थापित DTC के उच्चीकरण में और कितने कम्प्यूटर लगाये जा सकते हैं।
- अतिरिक्त फर्नीचर (टेबल चेयर) की आवश्यकता।
- परिक्षेत्रीय जनपद में स्थापित DTC (जनपदीय ट्रेनिंग सेन्टर) को RTC (परिक्षेत्र ट्रेनिंग सेन्टर) में उच्चीकृत किये जाने पर आने वाले व्यय भार को प्रशिक्षण मद अथवा उपयुक्त मद से वहन किया जाए एवं आवश्यक बजट हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से समन्वय किया जाय।

28/5

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उ0 प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज।
2. जनपद प्रभारी /पुलिस अधीक्षक आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, बांदा, बरेली, मुरादाबाद, बस्ती, गोण्डा, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, अयोध्या, लखनऊ, मेरठ, सहानपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जोन/ समस्त परिक्षेत्र / सम्बन्धित जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
4. प्रभारी प्रशिक्षण, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर लखनऊ, उपरोक्त सूचना वॉछित प्रारूप में प्राप्त किये जाने एवं संकलित सूचना उपलब्ध कराये जाने हेत।
5. श्री दिग्विजय कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर लखनऊ को इस निर्देश के साथ सम्बन्धित कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यूमेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
6. प्रभारी ई–मेल को पत्र मेल/वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

C:\Users\pc\Desktop\TS-CCTNS-13(2011) 27-5-2019.doc

निर्गत 28-5-19 (5)